# इंटरकास्ट मैरिज के 26 दिन बाद विवाहिता की हत्या, पति गिरफ्तार



पत्नी की हत्या के आरोपी पति मुकेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ हत्या के बाद शव बोरे में डाला ओर स्कूटी पर रखकर ठिकाने लगाया

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र के द्वारका नगर गली नंबर-4 में रहने वाले मुकेश सिंधी ने इंटरकास्ट मैरिज के 26 दिन बाद ही नव विवाहिता की हत्या कर उसे मौत की नींद सुला दी। पुलिस ने हत्या के कुछ समय बाद ही आरोपित पति को गिरफ्तार को कर पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर बुढा पुष्कर के पास शव बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपित मुकेश सिंधी से पूछताछ में जुटी हुई है।

आईपीएस छवि शर्मा ने नवविवाहिता हत्याकांड का खुलासा करते हुये बताया कि मृतका के भाई रोनीदास और मां क्रिश्चियन गंज थाने में दर्ज करवाई रिपोर्ट के मुताबिक शादी के बाद से ही जेनिफर को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। मुकेश व जेनिफर के बीच आए दिन झगड़ा होता था। जानकारी के अनुसार मुकेश कपडे का ठेला लगाता है, आज दोनों के बीच झगडा होने पर उसने अपनी पत्नी की हत्या कर उसने लाश को बोरे में भरा और स्कूटी से ही पुष्कर के पास लगा ठिकाने आया। पुलिस ने देर शव बरामद कर लिया है।

क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र के द्वारका नगर गली नंबर-4 में रहने वाले मुकेश सिंधी (34) की नया बाजार में कपड़े का ठेला लगाता है। 26 दिन पहले ही मुकेश की शादी भगवान गंज स्थित यूआईटी कॉलोनी की रहने वाली जेनिफर (32) से हुई थी। दोनों अलग-अलग जाति के हैं। अरेंज मैरिज हुई थी। पड़ोसियों ने बताया- बुधवार सुबह करीब 11 बजे पति-पत्नी के बीच झगडा होने की आवाजे आ रही थी, जेनिफर कह रही थी कि माफ करो, अब ऐसा नहीं करूंगी। फिर आवाज आनी बंद हो गई। थोडी देर बाद मुकेश घर से बाहर निकल ओर फिर घर आया और एक बोरा लेकर बाहर निकला। बोरा स्कूटी पर रखते समय गिर गया। इस बीच पड़ोसी ने बोरे में जेनिफर की बॉडी देख ली। क्षेत्रवासियों ने तुरंत इस मामले की पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का ताला तोड़कर खोला तो खून के निशान मिले। इस दौरान मुकेश भी घर पहुंचा। पुलिस को देख भागने लगा। उसे कलेक्ट्रेट के पास से पकड़ा गया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस पूछताछ में पति ने बताया- उसने पत्नी का मर्डर कर दिया है तथा उसकी बॉडी को पुष्कर पास फेंक दिया है। हत्या की सूचना के बाद घटनास्थल पर क्षेत्रवासियों की भीड़ जमा हो गई। पड़ोसियों ने ही पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का ताला तोड़कर सबूत जुटाए।

क्रिश्चियन गंज थाने के एएसआई मुन्नीराम गोयल, एसआई कुंभाराम द्वारका नगर गली नंबर 4 पहुंचे। उन्होंने मौके पर जानकारी जुटाई। पुलिस जांच में सामने आया कि मुकेश ने तीन साल पहले ये घर खरीदा था। घर बंद ही रहता था। शादी के बाद मुकेश और जेनिफर इस घर में रह रहे थे। मुकेश की मां एक-दो बार घर पर मिलने आई थी।

बताया जा रहा है कि दोनों ने 26 दिन पहले ही इंटरकास्ट शादी की थी। पड़ोसी भी शादी में शामिल हुए थें, दोनों पति-पत्नी घर से बाहर नहीं निकलते थे। किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। पड़ोसियों के अनुसार, पति को स्कूटी पर बोरा ले जाते समय रोका तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। तेज रफ्तार में चला गया।

रोनीदास ने बताया कि शादी के पांच-सात दिन बाद जेनिफर हमारे घर वापस आई थी। उसने हमें बताया कि मुकेश बोलता है तेरे घरवालों ने मुझे कुछ नहीं दिया। शादी में चार-पांच लाख खर्च हो गए। तू घर वालों से कुछ पैसे लेकर आना। तब मेरी मां ने बहन को समझा दिया था। करीब चार-पांच दिन पहले बहन ने फोन कर फिर कहा कि मुकेश ज्यादा परेशान करने लगा है। वो कहता है तेरे घरवालों ने कपड़ों के अलावा कुछ नहीं दिया। मैंने शादी में पैसे खर्च किए तो तू घरवालों से पैसे और गहने लेकर आ। बहन ने बताया था कि मारपीट भी करता था।

सीओ छवी शर्मा ने बताया कि आरोपी मुकेश केशवानी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी द्वारा चाकू से हत्या की गई है। आरोपी पति से पूछताछ के बाद बॉडी को बरामद कर ली गई है। कल उसका पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से होगा।

# पुष्कर के बड़ी बस्ती श्मशान घाट का विकास कार्य शुरू



पालिका के कर्मचारियों ने श्मशान घाट की सफाई की।

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के बड़ी बस्ती स्थित श्मशान घाट की हो रही थी दुर्दशा पर लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने काफी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अजमेर आगमन पर आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ से मुलाकात कर शीघ्र ही पुष्कर के बड़ी बस्ती श्मशान घाट का विकास कार्य करवाने की मांग की थी।

आरटीडीसी से अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरन्त प्रभाव से कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के ईओ बनवारी लाल मीणा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तुरंत प्रभाव से पुष्कर बड़ी बस्ती श्मशान घाट की साफ सफाई करवाने सहित कई अन्य कार्य करवाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आदेश के बाद पालिका की ओर से सफाई अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान पालिका के विष्णु अडानी व लोक अभियोजक विवेक पाराशर पार्षद टीकम शर्मा, एडवोकेट विनोद, एडवोकेट रोहन पाराशर भी मौजूद रहे। ईओ बनवारी लाल मीणा ने बताया की दाह संस्कार में आने वाले लोगों के बैठने के लिए माकूल व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा पीने के पानी की व्यवस्था होगी।

## सार-समाचार

### शिविर में 40 मरीज लाभान्वित

**अजमेर,** (कास)। रोटरी क्लब मिटाउन अजमेर एवं सामाजिक समन्वय संस्था और अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय सैटेलाइट अस्पताल आदर्श नगर में आयोजित निशुल्क आंख का ऑपरेशन शिविर का प्रथम चरण संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप भार्गव ने अपनी टीम के साथ 40 मरीजों के मोतिया बिंद के ऑपरेशन कर बुधवार की सुबह छुट्टी दे दी। जांच के दौरान चयनित अन्य मरीजों को ऑपरेशन के लिए अगले सप्ताह बुलाया गया है। रोटरी क्लब अध्यक्ष पंकज खंडेलवाल के अनुसार मरीजों को ऑपरेशन के अलावा निःशुल्क भोजन, चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। समापन के समय तीनों संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सामाजिक समन्वय संस्था के पी.के. श्रीवास्तव ने अस्पताल प्रशासन द्वारा किए गए सहयोग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मरीजों को सलाह दी कि वे इलाज के प्रति लापरवाही नहीं करें एवं बताई गई जरूरी बातों का ध्यान रखें। समापन के समय रोटरी क्लब के कार्यक्रम प्रभारी सुबोध जैन, सचिव डॉ उमेश भार्गव, ललित सेठ, डॉ संजय भार्गव, कमलेश रावत, गौरव जैन, मनोज खंडेलवाल, सहित सामाजिक समन्वय संस्था के जे.के. शर्मा, मनु दर्शन सोनी, हुमायू खान और पार्षद श्रवण कुमार आदि अनेक लोग उपस्थित थे। आयोजकों ने सोमवार को जांच के दौरान ऑपरेशन के लिए शेष रहे मरीजों को ऑपरेशन के लिए दि. 28.11.2022 को अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ को दिखा कर परामर्श लेने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि शेष रहे मरीजों का भी ऑपरेशन शीघ्र कराया जाएगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**मकराना,** (निसं)। लॉयन्स क्लब मकराना के तत्वावधान में श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के सहयोग से आगामी 25 नवम्बर को भामाशाह सेठ बजरंगलाल जी तापड़िया के 89वें जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन, चारभुजा चौक, राजकीय महाविद्यालय मकराना, युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति द्वारा संचालित नवीन गौ चिकित्सालय में किया गया। इस दौरान लॉयन्स क्लब से क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र रान्दड़, निवर्तमान अध्यक्ष महावीर पारीक, सदस्य तेजपाल बागड़ी सहित श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के अध्यक्ष बजरंगलाल चौखड़ा, सचिव पुरषोतम मालपानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भूतड़ा, श्रीभगवान काबरा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष घनश्याम सोनी, अमरचन्द रान्दड़, छीतर रान्दड़, अनिल रान्दड़, राजू मालपानी, युवा अध्यक्ष सुमित ईनाणी, अमित मालपानी, नवरतन बाहेती, अशोक जाजू, पवन रान्दड़ सहित, नागौर जिला सरपंच संघ अध्यक्ष जूसरी सरपंच प्रकाश भाकर, युवा हिन्दू गौरक्षा समिति के ठाकुर मोहन सिंह चौहान, सुरेश कुमावत, अंकित तंवर , प्रवीण चौहान, नितेश जैन, विजय लढा, दिनेश झंवर, गंगाराम मेघवाल, एडवोकेट बजरंग वकील साब, सोनू इन्दौरा सहित अनेक नगरवासी, राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, व्याख्यातागण मौजूद रहे। मकराना की सभी सस्थाओं जीवन दाता ब्लड ग्रुप मकराना, हिन्दु गो रक्षा सेवा सिमिति मकराना, गायत्री सेवा सस्थान मकराना, ओर सभी मौजूद सदस्यों ने रक्तदान शिविर में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### इन्टैक कार्यशाला सम्पन्न

**अजमेर,** (कास)। भारतीय सांस्कृतिक निधि 'इन्टैक' के अजमेर चैप्टर द्वारा दो दिवसीय 'विरासत क्लब प्रभारी शिक्षक कार्यशाला' बुधवार 23 नवम्बर को नयी पीढी को भारतीय धरोहर के महत्व के प्रति जागरूक करने और उनके संरक्षण कार्य से जोड़ने का संकल्प लेते हुऐ सम्पन्न हुई। कार्यशाला में इन्टैक दिल्ली मुख्यालय से आयीं विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा की निदेशक पूर्णिमा दत्त ने बच्चों के लिए इन्टैक हैरीटेज क्लब के महत्व और वर्षभर संचालित होने वाली गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। दूसरे दिन के प्रथम सत्र का आरंभ प्रातःकाल राजकीय संठाहालय अवलोकन से हुआ। अधीक्षक रूमा आजम ने संरक्षित धरोहर की गौरव से सभी संभागियों का परिचय कराया। इसमें मुकेश भार्गव, अनिल लोढ़ा और जे पी भाटी का सहयोग रहा। दूसरा सत्र गुजराती स्कूल सभागार में हुआ जिसमें विद्यालयों में विरासत क्लब खोलने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए प्रभारी शिक्षकों के चार समूह बनाये गए। प्रत्येक को धरोहर के किसी एक पहलू पर विमर्श के उपरान्त प्रस्तुति देने के लिए कहा गया जिसमें सभी ने बढ़चढकर भाग लिया और राजस्थान के किले, पुष्कर मेले, राजस्थानी पकवान, विविध पर्वों के पहनावे और नृत्यों का रोचक प्रदर्शन किया

### आईपीएस मनीष चौधरी का स्वागत

**ब्यावर,** (निसं)। शहर की अव्यवस्थित और पूर्णतया बिगडी यातायात व्यवस्था को आईपीएस मनीष चौधरी की पहल द्वारा सुचारू रूप से व्यवस्थित किए जाने पर व्यापारी व आमजन में पुलिस के प्रति सम्मान बढा है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, सोनी समाज व कुमावत समाज द्वारा चौधरी का उनके नव आगमन और कार्य शैली से प्रभावित होकर ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए माला और साफा किया। व्यापारी वर्ग को भी अवैध अतिक्रमण कर रास्ता जाम करने वालों से राहत मिली है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमावत, विभाग उपाध्यक्ष मुकेश सोनी, डॉ विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महावीर कुमावत, नगर मंत्री एडवोकेट सुशील जैन, मंत्री कपिल जालवाल, मंत्री सत्यनारायण बालोदिया, सोनी समाज अध्यक्ष सुशील बाडमेरा, कोषाध्यक्ष मनोज बुचा, स्वर्णकार संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल बूटन , तेजा चौक व्यापार संघ महामंत्री बंकट उपाध्याय, दिनेश प्रजापत, जनक सोनी, अनिल सोनी, राजेंद्र बाडमेरा, बालाजी सोनी, लालचंद सोनी, मुन्नालाल, सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आवेदन की अंतिम तिथि 29 नवंबर

**भीलवाडा,** (निसं)। सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग एवं संस्कृत विभाग में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (एम.ए.प्रिवियस) में रिक्त स्थानों के लिए छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। से.मु.मा.राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में सामान्य वर्ग, ओबीसी वर्ग, एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस एवं एमबीसी के लिए स्थान रिक्त है। इसी तरह संस्कृत विभाग में ओबीसी, एसटी, एमबीसी एवं ईडब्ल्यूएस में स्थान रिक्त है। रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 नवंबर है। इच्छुक छात्राएं अपने ऑनलाइन आवेदन से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए संकाय सदस्य डॉ सरोज मेहता व डॉ. निलम चारण (9649075708) से संपर्क कर सकती है।

## संक्षिप्त

### ट्रेलर की टक्कर से 2 पिकअप क्षतिग्रस्त

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद सदर थाना अंतर्गत नसीराबाद अजमेर मार्ग पर वीर घाटी में ट्रेलर की टक्कर से दो पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ग्राम कांटी बूंदी निवासी बालमुकुंद सैनी ने बुधवार को नसीराबाद सदर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका ड्राइवर ओम प्रकाश उसकी पिकअप को अमरुद से भरकर अजमेर सब्जी मंडी के लिए जा रहा था तभी रास्ते में वीर घाटी में एक ट्रेलर चालक द्वारा ट्रेलर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए पिकअप के टक्कर मार दी जिससे पिकअप सड़क के नीचे पलट गई जिससे ओम प्रकाश के दोनों पैर फैक्चर हो गए और खलासी के भी चोट आई वही मौके पर एक अन्य पिकअप के ट्रेलर ने टक्कर मार दी जिससे दोनों पिकअप दुर्घटनाठास्त हो गई जिससे घाटी में यातायात अवरुद्ध हो गया जिसकी सूचना सदर थाना पुलिस को चलने पर सदर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दुर्घटनाठास्त हुए वाहनों को साइड में करवा कर यातायात सुचारू कराया और घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जन आक्रोश यात्रा को लेकर बैठक

**सरवाड़,** (निसं)। भाजपा शहर मण्डल सरवाड़ के सभी बूथों पर जन आक्रोश यात्रा को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की मीटिंग शहर महामन्त्री कुशल किशोर सोनी, शक्ति केंद्र प्रभारी चैन सिंह पगारिया, करण बंजारा, किशन सिंह लाखनोत ने ली। बूथ 57 अध्यक्ष मुकेश मांदोरिया, बूथ 58 अध्यक्ष सूरज माली, बूथ 59 अध्यक्ष महेश भटनागर, बूथ 63 अध्यक्ष मोहित सोनी,बूथ 64 अध्यक्ष हरिप्रसाद गोड़ ने ली। कार्यकर्ताओ को कॉंग्रेस सरकार के जंगलराज, कुशासन, भ्रष्टाचार की जानकारी दी और आने वाली जन आक्रोश यात्रा में जन भागीदारी पर जोर दिया वहीं अलग-अलग बूथ पर कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यकर्ताओं को जोड़ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जानकारी दी।

### जागरूकता रैली का आयोजन

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखण्ड में मतदाता सूची में 17 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र-छात्राओं के नाम जुड़वाने के कार्य हेतु जागरूकता रैली का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मसूदा के छात्रों ने मसूदा ठााम के मुख्य रास्तों से होते हुए आम जनता को जागृत करने हेतु रैली निकाली। रैली को हरी झंडी मसूदा उपखंड अधिकारी डॉ संजू मीणा एवं तहसीलदार ओम सिंह लखावत ने दिखाई। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र कलवार, व्याख्याता श्रवण कुमार वर्मा, चंद्रप्रकाश मेघवंशी, सत्यनारायण बंसीवाल, अनिरुद्ध पाल सिंह राठौड़ व वरिष्ठ अध्यापक बीएलओ रामेश्वर सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

### रोडवेज कर्मचारियों का धरना

**भीलवाडा,** (निसं)। रोडवेज के श्रमिक संगठनों के आव्हान पर चल रहे प्रदेश में चल रहे आंदोलन के आठवें चरण के अंतर्गत शुरू हुआ दो दिवसीय धरना के दूसरे दिन भीलवाडा में शाखा सचिव महेश पारीक ने बताया कि 2000 नई बसों की खरीद 10000 कर्मचारियों की भर्ती सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान बोनस के आदेश अवैध वाहनों को बस स्टैंड से 2 से 5 किलोमीटर की दूरी पर लगवाने हेतु बस अड्डा प्राधिकरण को निरस्त करने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने मे रामेश्वर सिंह सुधीर सोनी हेमराज धोबी महेंद्र वैष्णव कमल जागा जमील अहमद भवानी सिंह सलीम खा पठान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हल्दी घाटी गौरव यात्रा का स्वागत



हल्दीघाटी गौरव यात्रा का स्वागत किया गया।

**बिजयनगर,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्मृति में पूरे प्रदेश भर में निकली जा रही हल्दी घाटी गौरव यात्रा के बिजयनगर आगमन पर स्वागत किया गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़े व आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

यात्रा संयोजक व सहसंयोजक का दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। एबीवीपी की छात्रा कार्यकर्ता नीलू वैष्णव, कविता सेन, आरती रेगर, मुस्कान द्वारा रथ यात्रा का आरती उतार कर व पुष्प अर्पित कर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा को श्रृद्धांजलि दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्दीघाटी गौरव यात्रा 22 नवंबर को हल्दी घाटी से शुरू होकर प्रदेश में होते हुए 24 नवंबर शाम को जयपुर पहुंचेगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केजयपुर में 25 से 27 नवम्बर तक होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन होगा में भारत के प्रत्येक प्रांत से दो हजार प्रतिनिधी भाग लेंगे।

जिला संयोजक धनराज रेगर नगर मंत्री नितिन मुकेश प्रजापति पूर्व विभाग संयोजक रितेश मेवाड़ा पूर्व नगर मंत्री रजत कुमावत, बंटी पांडिया, बांदनवाड़ा नगर मंत्री पुलकित टांक, प्रिंस जैन, छात्रसंघ उपाध्यक्ष उज्वल राठौड़, छात्रसंघ महासचिव ललित मेवाड़ा, पूर्व छात्रसंघ सचिव किशन जाट, पूर्व इकाई अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, पूर्व जिला सहसंयोजक भोलू राम मेघवंशी,राहुल जांगिड, आयुष कुमार सोनी, आदिल, शिव वैष्णव, कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भागवत कथा में दूसरे दिन 24 अवतारों की कथा सुनाई

■ महाराज जी ने जीवन क्या है के बारें बताया



शास्त्रीनगर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा में श्रौतागण मौजूद रहे।

**अजमेर,** (कासं)। शास्त्रीनगर स्थिति पार्क में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक संत हरि शरण महाराज के श्री मुख से कथा में भजनों के साथ साथ भगवान के 24 अवतारों की कथा, कुंती, उत्तरा, भीष्म चरित्र, पांडवों की कथा और सुखदेव जी का परीक्षित के लिए कथा एवं कौरव पाडवं का चरित्र भगवान परशुराम का चरित्र व्यासपीठ का विस्तार से चर्चा के अलावा सभी 24 अवतारों की विशेषता का वर्णन किया।

कथा में मुख्य रूप से पूर्ण विन्त सिंगर (मुंबई) मूलचंद सोनी एवं विश्वामित्र दाधीच, ओमप्रकाश पारीक, धूम सिंह रावत, जगदीश मंत्री, बाबू सिंह पुरोहित, विष्णु गर्ग, डॉ. अरुंधती दाधिच, अर्चित शर्मा, वृजेश शर्मा, महेश दाधीच आदि थे। भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मीडिया प्रभारी डॉ एस डी मिश्रा ने बताया कि सुबह प्रभात फेरी में महाराज जी के साथ सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे। महाराज जी ने जीवन क्या है के बारें बताया। कथा में दूरदराज से भारी संख्या में भक्तजन कथा स्वर्ण करने आ रहे हैं। सभी भक्त कथा का भरपूर आनंद ले रहे हैं कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से साए 5 बजे तक संगीत में कथा एवं सप्ताह ज्ञान महायज्ञ चलेगी। प्रातः 5 से प्रार्थना सभा प्रभात फेरी प्रतिदिन होती है जिसमें सभी श्रद्धालु भक्तजन भाग लेते हैं और महाराज जी के प्रवचन लाभ उठाते।

### कारखाना से मशीने व तार चोरी

**अजमेर,** (कासं)। आदर्शनगर पुलिस थाना क्षेत्र स्थित परबतपुरा बाईपास के पास गली नम्बर एक में मशीन टूल्स कारखाना में देर रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर वेल्डिंग मशीन, औजार समेत तांबे के तार चोरी करके फरार हो गये।

आशागंज निवासी कारखाना मालिक बलदेव सिंह ने बताया कि उनका परबतपुरा बाईपास पर स्थित खालसा पेट्रोल पंप गली नंबर 1 में पदम प्रेसियों मशीन टूल्स के नाम से कारखाना है। देर रात अज्ञात चोर कारखाने में दाखिल हुए और वेल्डिंग मशीन, तांबे के तार, लोहे के औजार चोरी कर फरार हो गए। 2 दिन पूर्व भी चोरों ने कारखाने में दाखिल होकर वेल्डिंग मशीन, तांबे के तार चोरी कर लिए थे। पीड़ित ने बताया कि जब वह सुबह कारखाने में पहुंचे तो उन्हें सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। चोरी हुए माल की कीमत करीब 1 लाख रुपए है।

# विधायक अनीता भदेल ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया



अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

■ निर्माण कार्यों के शिलान्यास से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी

**अजमेर,** (कास)। अजमेर दक्षिण विधायक एवं पूर्व महिला बाल विकास मंत्री अनीता भदेल ने बुधवार को वार्ड नंबर 55,56 में अपने विधायक कोष से 15.50 की राशि स्वीकृत कर गाँधी नगर पेट्रोल पंप के पास स्थित पुलिया को चौड़ी करने एवं पूर्व में निर्मित नालों की दीवारों को ऊंचा करने के कार्य का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक भदेल ने जानकारी देते बताया कि पुलिया के सकरी होने एवं वर्षा ऋतु में नाले का गंदा पानी सड़क पर आने से आवाजाही में काफी परेशानी होती है साथ ही छोटे बच्चों को स्कूल से आते समय गंदे पानी में से गुजरना पड़ता है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी मेरे द्वारा इन दोनों वार्डो में विकास कार्य कराए जा चुके हैं। कार्यक्रम में झलकारी बाई मंडल अध्यक्ष हेमंत सांखला क्षेत्रीय पार्षद रजनीश चौहान, अंजना शेखावत, गजवीर सिंह, विक्रम सिंह शेखावत, सन्नी नारनोलीया मंडल मंत्री, जगदीश यादव, अनिल भाटिया, नरेंद्र सिंह व समस्त भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात वार्ड नंबर 20 में विधायक कोष से 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर राजकीय सिंध प्राथमिक विद्यालय चांद बावड़ी आशागंज अजमेर से कन्हैया कॉल उद्योग तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक भदेल ने वार्ड 17 में 53.92 लाख रुपए की लागत से पानी की लाइन का शिलान्यास किया। यह लाइन वाल्मीकि बस्ती, माली मोहल्ला, रेगर बस्ती में 100एमएम की 1300 मीटर लंबी व 150 एमएम की 650 मीटर लंबी पानी की लाइनों का जाल बिछाया जाएगा। विधायक भदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रवासियों पानी की समस्या की मांग को ध्यान में रखते हुए लगभग 54 लाख रुपए की लागत से पानी की लाइनों का जाल बिछाया जा रहा है जिससे अच्छे प्रेशर व बार-बार पानी की लाइन क्षतिग्रस्त होने की समस्या से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में आर्य मंडल अध्यक्ष मोहन लालवानी, हेमेंद्र जैन शक्ति केंद्र प्रभारी , राजेश शर्मा, विक्रम तंबोली प्रदीप तुनगरिया, भवानी सिंह जेदिया, सुनील अरोड़ा, हरेंद्र, सरोज भाटी, कृष्णा मेघानी, लीना विश्वा, शंकरनाथ, राजेंद्र रंधावा, शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र सोनी सूरज डागर, ओम प्रकाश राव, विनोद साधवानी, ताराचंद सिवासिया, बृजेश नकवाल, मोनिका डलवाल व अन्य क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।